**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.06.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल के साथ मुलाकात की। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तारए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और संगठन को लेकर उनसे चर्चा की। मुख्यमंत्री की आज भी कई केन्द्रीय मंत्रियों के साथ मिलने की संभावना है।

**रणधीर शर्मा**

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नए मुकाम में पहुंच रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अब आतंकी हमले पर सिर्फ शोक संदेश देकर चुपचाप नहीं बैठ जाती, बल्कि ईंट का जबाव पत्थर से देती है। एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर इसके प्रत्यक्ष प्रमाण है। रणधीर शर्मा ने बिलासपुर में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल उपलब्धियों भरे रहे हैं। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

**लेह–दिल्ली रूट**

देश के सबसे ऊंचाई से गुजरने वाले लेह–केलंग–दिल्ली रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा आज से शुरू हो गई है। परिवहन विभाग शिमला के निदेशक बीसी नेगी ने बताया कि आज से केलंग से लेह के लिए बस रवाना हुई। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस**

आज विश्व बाल श्रम निषेध दिवस है। बच्चों का शोषण रोकने और बालश्रम को समाप्त करने के लिए इस वर्ष प्रयासों को तेज़ करने का लक्ष्य रखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष से कल जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में लगभग 13 करोड़ 80 लाख बाल श्रमिक थे। इनमें से लगभग पांच करोड़ चालीस लाख बच्चे ऐसे खतरनाक कामों में लगे हुए थे जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास क`प्रतिकूल है।.

**कृषि मेला**

राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प अभियान–2025 के तहत केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान द्वारा शिमला के कुफरी में कृषि मेला आयोजित किया जा रहा है। कृषि सचिव सी पालरासू आज इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। 15 दिवसीय ये अभियान 29 मई से शुरू हुआ। विकसित कृषि संकल्प

अभियान खरीफ और रबी बुआई मौसम से पहले हर दो साल में आयोजित किया जाता है ताकि फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन में सुधार किया जा सके ।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी का कम लगातार जारी है। राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मण्डी, सोलन और सिरमौर जिलों में लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के मैदानी जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि 13 से 15 जून तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने और अंधड़ चलने की सम्भावना है।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...**

अमर उजाला की सुर्खी है **अफसरों की गाड़ियों व तारादेवी रेस्ट हाउस को अटैच करने का आदेश।**

दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए गांवों को करेंगे मजबूत।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है **सीएम सुखविंद्र सुक्खू ने दिल्ली में रजनी पाटिल से की मुलाकात।**

**कांगड़ा के मटौर–शिमला फोरलेन पर घटा में आज से शुरू होगा टोल प्लाजा** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **चंडीगढ़–दिल्ली सहित शिमला आने–जाने वालों का महंगा होगा सफर।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **बुलावे पर दिल्ली पहुंचे विनय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व मंत्री की नियुक्ति शीघ्र संभावित।**

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है **आज ऊना व कुल्लू में ऑरेंज अलर्ट।** आपका फैसला के शब्द हैं **प्रदेश के चार से छह जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट।**

**इसी के साथ प्रादेशिक समाचार को ये बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार।**